हमारे आसपास क्या बदल रहा है!

नई पीढ़ी में बढ़ रही है डिजिटल थकान; अब ऑफ ग्रिड ट्रैवल, फीचर फोन के जरिए सोशल मीडिया और डिजिटल साधनों से दूरी बनाने की कोशिश

डिजिटल डिटॉक्स : 47% माता-पिता, 30% बच्चे साधारण फोन अपनाने लगे

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

एक समय था जब लोगों, खासकर युवा पीढ़ी के बीच डिजिटल साधनों और सोशल मीडिया अपनाने की होड़ थी। लेकिन अब तस्वीर बदल रही है। डिजिटल साधनों, ज्यादा स्क्रीन टाइम और ऑनलाइन रहने से लोगों के बीच डिजिटल थकान बढ़ने लगी है। भारत-अमेरिका सहित कई देशों में हुए अलग-अलग सर्वे के मुताबिक नई पीढ़ी लगातार नोटिफिकेशन, सोशल मीडिया और डिजिटल थकान से बचने के लिए 'डिजिटल मिनिमलिज्म' को अपना रही है। कुछ लोग विनाइल रिकॉर्ड, सीडी और रिकॉर्ड प्लेयर खरीद रहे हैं। कुछ लोग 2000 के दशक की पुरानी चीज माने जाने वाले फ्लिप फोन या कीपैड वाले फीचर फोन इस्तेमाल कर रहे हैं।

कई बॉलीवुड और हॉलीवुड के सेलेब्स समय-समय पर डिजिटल डिटॉक्स लेते रहते हैं। कुछ सेलेब्स ने सोशल मीडिया अकाउंट तक छोड़ दिए हैं। कई देशों की सरकारों ने छात्रों के लिए स्क्रीन टाइम सीमित करने के नियम बनाए हैं। भारत में भी ऐसी पहल हो रही है। कर्नाटक ने छात्रों के लिए मनोरंजन संबंधी स्क्रीन टाइम प्रतिदिन एक घंटे तक सीमित करने का प्रस्ताव रखा है। वहीं चंडीगढ़ में संडे अनप्लग टू रिकनेक्ट अभियान शुरू किया गया है।

महत्वपूर्ण पलों में डिजिटल साधनों से दूरी परिवारों को जोड़ने में कारगर

91% बच्चों के मुताबिक फोन दूर रखे जाते हैं तो परिवार की आपसी बातचीत आसान हो जाती है।

87% बच्चे फोन-फ्री डिनर के दौरान खुलकर बात करने में अधिक सहज महसूस करते हैं

81% माता-पिता कहते हैं कि बिना फोन के बच्चों के साथ उनका रिश्ता ज्यादा मजबूत महसूस होता है।

- 47% माता-पिता और 30% बच्चे साधारण फोन अपना रहे।
- 54% माता-पिता और 49% बच्चे स्क्रीन टाइम कम करने की कोशिश कर रहे।
- 51% माता-पिता और 41% बच्चे कुछ घंटों के लिए सोशल मीडिया ब्लॉक करते हैं।
- 49% माता-पिता और 50% बच्चे गैर-जरूरी नोटिफिकेशन बंद कर रहे।
- 59% माता-पिता और 47% बच्चों ने कहा कि डिजिटल व्यवहार पर ज्यादा नियंत्रण हुआ।

वीवो-सीएमआर स्विच ऑफ स्टडी 2025: वीवो इंडिया और सीएमआर द्वारा हर साल किए जाने वाले स्विच ऑफ अध्ययन के ताजा आंकड़ों के मुताबिक लोग डिजिटल साधनों से दूरी बनाने लगे हैं। वीवो इंडिया के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन अधिकारी, गीताज चन्नाना कहते हैं, 'स्विच ऑफ अध्ययन के निष्कर्ष बताते हैं कि परिवार महत्वपूर्ण क्षणों में डिजिटल डिस्कनेक्ट का विकल्प चुन रहे हैं।'

बिना फोन-मोबाइल वाले पर्यटन का उभार

ट्रैवल इंडस्ट्री में ऑफ-ग्रिड ट्रैवल तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। पोलारिस मार्केट रिसर्च के मुताबिक डिजिटल डिटॉक्स हॉलिडे का वैश्विक बाजार 6 लाख करोड़ रु. से ज्यादा का है। ये 2034 तक 24.5% सालाना बढ़कर करीब 44 लाख करोड़ का हो सकता है। ट्रैवल ई-सिम एप सेली के सर्वे में एक चौथाई वयस्क अब बिना फोन या इंटरनेट के यात्रा करना पसंद कर रहे।

व्यवसाय के नए अवसर देख रहीं कंपनियां

डिजिटल डिटॉक्स एक नई लाइफस्टाइल और बड़ा व्यावसायिक अवसर बनकर उभर रहा है। डंब.को, डंबफोन्स इंडिया और क्लिकलैक जैसी कंपनियां इसी मांग पर आधारित बिजनेस बना रहे हैं। ये पुराने सीडी प्लेयर और फीचर फोन्स बेच रही हैं। इन फोन में कॉल, मैसेज, वाट्सएप्प, यूपीआई और मैप जैसी सुविधाएं होती हैं, लेकिन सोशल मीडिया नहीं होता।

उद्योग समूह भी आयोजित करवा रहे डिजिटल डिटॉक्स रिट्रीट

डिटॉक्स ट्रैवल उपलब्ध कराने वाली बेंगलुरु की फर्म ट्रांसफॉर्मिंग ट्रैवल्स की फाउंडर चांदनी अग्रवाल बताती हैं, 'हमें कॉर्पोरेट समूहों से अपनी टीमों के लिए डिजिटल डिटॉक्स रिट्रीट आयोजित करने की मांग मिलती है। इसमें लोग अपने मोबाइल फोन, लैपटॉप और सोशल मीडिया से दूरी बनाते हैं। रिट्रीट में भाग लेने वाले अधिकांश लोग 30 से 60 आयु वर्ग के होते हैं। इनमें करीब 70-80% महिलाएं होती हैं। 90% ग्राहक लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और स्पीति घाटी जैसे क्षेत्रों में रिट्रीट आयोजित करना पसंद करते हैं।'

भास्कर एक्सक्लूसिव

एडवांस्ड में कोटा से टॉप 50 में 29 छात्र, बॉम्बे IIT की सीएस ब्रांच 61 रैंक पर क्लोज होती है

देश की टॉप IIT दिल्ली और बॉम्बे में 'कोटा'...यहां सीएस ब्रांच में आधे से ज्यादा स्टूडेंट कोटा के पढ़ेंगे; कानपुर-मद्रास में भी दबदबा

कंप्यूटर साइंस और संबंधित कोर्स में मिलती हैं सीटें

हेमराज गुर्जर | कोटा

देश की 23 आईआईटी में टॉप रैंकर्स की पहली पसंद बॉम्बे और दिल्ली आईआईटी में कंप्यूटर साइंस (सीएस) ब्रांच रहती है। इत्तेफाक देखिए कि इस बार दोनों आईआईटी की सीएस ब्रांच की आधी से ज्यादा सीटों पर कोटा के स्टूडेंट्स का दबदबा रहेगा। हाल ही में घोषित जेईई एडवांस्ड 2026 के परीक्षा परिणामों में ऑल इंडिया टॉप 50 में 29 स्टूडेंट्स सिर्फ कोटा से आए हैं। आईआईटी बॉम्बे में कंप्यूटर साइंस की सीटें टॉप 61 रैंक तक क्लोज हो जाती हैं। ऐसे में ओपन कैटेगरी की करीब आधी सीटों पर कोटा के छात्रों का कब्जा होना तय है। इस बार ऑल इंडिया रैंक 1 पर शुभम कुमार और ऑल इंडिया रैंक 2 पर कबीर छिल्लर रहे हैं। दोनों कोटा से हैं। ऐसी ही मजबूत स्थिति आईआईटी दिल्ली में भी रहेगी। यहां कंप्यूटर साइंस ब्रांच अमूमन 100 से 500 की रैंक के बीच मिलती है और इस बार टॉप 500 में कोटा के 258 स्टूडेंट्स हैं।

इस लिहाज से यहां की आधी से ज्यादा सीटों पर भी कोटा के स्टूडेंट्स का दबदबा रहना तय है। इसके अलावा कानपुर, मद्रास, रुड़की और खड़गपुर जैसी शीर्ष आईआईटी में भी बड़ी संख्या में यहां के स्टूडेंट्स प्रवेश लेंगे। आमतौर पर सभी आईआईटी में 2500 रैंक के अंदर कंप्यूटर साइंस और इससे संबंधित कोर्स में सीटें मिल जाती हैं। ऐसे में आधी सीटें कोटा के छात्रों की होंगी।

विभिन्न IIT में कोटा से 5 हजार का चयन होगा

देश की 23 आईआईटी में पिछले साल 18 हजार 160 सीटें थीं, जिनमें से कोटा से करीब 4 हजार 500 से अधिक स्टूडेंट्स का चयन हुआ था। इस बार यह आंकड़ा 5 हजार के पार पहुंचने की संभावना है। टॉप-10 में पिछली बार कोटा से 3 स्टूडेंट्स थे, जो इस बार बढ़कर 4 हो गए हैं। टॉप-20 में भी कोटा के 8 छात्र हैं। एक्सपर्ट संजय पाटनी का कहना है कि इस साल आईआईटी में कुल 791 सीटों की बढ़ोतरी हुई है। इधर, कंप्यूटर साइंस में भी 54 सीटें बढ़ने से कुल सीटें 2,183 हो गई हैं। सीटों में इस इजाफे से कोटा के स्टूडेंट्स का ग्राफ और भी ऊपर जाने के आसार हैं।

एआई बना दूसरी पसंद

कंप्यूटर साइंस के बाद टॉपर्स की दूसरी पसंद डेटा साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस है। यह कोर्स देश की चार आईआईटी (मंडी 60, रुड़की 40, गुवाहटी 60 व भिलाई 44) में कुल 204 सीटों पर उपलब्ध है। इसके बाद मैथमेटिक्स एंड कंप्यूटिंग की 636 सीटें हैं। पिछले कुछ सालों में शुरू हुए इन नए कोर्सेज को स्टूडेंट्स काफी पसंद कर रहे हैं।

गंगा के पाटों पर बना अब तक का सबसे लंबा पुल

पटना | बिहार में गंगा नदी पर बना अब तक का सबसे लंबा 9.75 किलोमीटर का पुल अगले महीने चालू हो जाएगा। इसका अप्रोच रोड 10 किलोमीटर लंबा है। अगले महीने के पहले हफ्ते तक निर्माण पूरा करने का लक्ष्य है, ताकि भारी बारिश से पहले राघोपुर दियारा के लोग आसानी से हाजीपुर जा सकें। अभी पुल का 98.1% काम पूरा हो चुका है। निर्माण अंतिम चरण में है। फिनिशिंग कार्यों के साथ-साथ एक्सपेंशन जॉइंट्स की स्ट्रेसिंग और अन्य तकनीकी कार्य पूरे किए जा रहे हैं। कच्ची दरगाह-बिदुपुर का यह 6-लेन पुल उत्तर और दक्षिण बिहार को सीधे जोड़ेगा।

पत्नी व बेटे की गोली मारकर की हत्या, गिरफ्तार

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

गुरुग्राम में सेक्टर-5 थाना क्षेत्र के अशोक विहार फेज-3 में शनिवार की देर रात घरेलू विवाद में सिक्योरिटी ऑफिसर ने अपनी पत्नी और बेटे को लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को उसे अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।

पुलिस ने रिवाल्वर व 14 खाली कारतूस कब्जे में लिए हैं। अनिल की शादीशुदा बेटी ने पुलिस को बताया कि रात करीब 11 बजे उसके पिता अनिल तंवर (56) और मां आशा (52) थर्ड फ्लोर पर सोने गए थे। कुछ देर बाद दोनों के बीच झगड़ने की आवाज आई। वह थर्ड फ्लोर पर पहुंची तो पिता मां के साथ मारपीट कर रहे थे। इसी दौरान भाई प्रशांत (27 वर्ष) भी आ गया और पिता को शांत रहने के लिए समझाने लगा। आरोप है कि तभी अनिल अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर ले आया और आशा व प्रशांत पर गोलियां चला दी।

घरेलू विवाद में दिया वारदात को अंजाम

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह सिक्योरिटी कंपनी में ऑफिसर है। आशा स्कूल चलाती थी और उसकी प्रिंसिपल थी। प्रशांत स्कूल के प्रबंधन का काम संभालता था। परिवार में काफी समय से मतभेद था। पत्नी के साथ हुए झगड़े के दौरान बेटा बीच-बचाव करने के लिए आ गया। इसी बात से गुस्से में आकर उसने वारदात को अंजाम दिया।

प्रिंस के नाम पर ज्वेलर-बिल्डर से 5-5 करोड़ की मांगी रंगदारी

रांची | कुख्यात प्रिंस खान के नाम पर एक बार फिर रांची के एक ज्वेलर और बिल्डर से 5-5 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई है। इस बार लालपुर स्थित सर्कुलर रोड निवासी पॉल ब्रदर्स ज्वेलर्स के संचालक सुमन पाल और बिल्डर उदय शंकर को निशाना बनाया गया है। दोनों को फोन और वाट्सएप कॉल के जरिए धमकी देकर रंगदारी मांगी गई। सुमन पाल को 4 जून की रात 9.0 बजे फोन कर 5 करोड़ रुपए की मांग की गई।

दंतेवाड़ा में गश्त के दौरान मिली कामयाबी

नक्सली साजिश नाकाम, तोड़मा में दो आईईडी और पाइप बम बरामद

बरामद गोला बारूद।

भास्कर न्यूज | दंतेवाड़ा

बारसूर थाना क्षेत्र के तोड़मा के घने जंगलों में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम कर दी। संयुक्त सर्च ऑपरेशन में जवानों को नक्सलियों द्वारा छिपाया गया विस्फोटक और युद्ध सामग्री का बड़ा जखीरा मिला।

मौके से बरामद दो प्रेशर कुकर आईईडी और करीब 10 किलो वजनी एक पाइप बम को बम निरोधक दस्ते ने सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया। समय रहते की गई कार्रवाई से संभावित बड़ी जनहानि टल गई। बीजीएल, .303 राइफल से जुड़े उपकरण, एयर राइफल, इंसास और .303 मैगजीन, चार्जर क्लिप, 12 बोर गोला-बारूद, गन पाउडर, कोर्डेक्स वायर, 51 एमएम बम, इलेक्ट्रिक और गैर-विद्युत डेटोनेटर, वायरलेस सेट, दूरबीन, नक्सली वर्दी, कॉम्बैट बेल्ट शामिल है।

जाहिर सूचना

ग्राम सोनवाय तहसील राऊ जिला इन्दौर म.प्र. के निम्न सर्वे नंबरों की भूमि के संबंध में

[illegible]

पं. देवीप्रसाद शर्मा,
पं. अरविन्द शर्मा "जैमन" (एडवोकेट)
सी/1-2, [illegible] इंदौर
मो.: 98260-72732, 98263-33383

उठावना और शोक बैठक



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि [illegible] सोलंकी [illegible]

श्रीमती सोनल सोलंकी

का स्वर्गवास दिनांक 06.06.2026 शनिवार को हो गया है।

उठावना दिनांक 08.06.2026 सोमवार संध्या 5:00 बजे [illegible] इंदौर पर होगा।

[illegible]

इंदौर एवं उज्जैन (म.प्र.)

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

खेतिया शाखा : गायत्री मंदिर के सामने, पानसेमल रोड, खेतिया- 451881 (म.प्र.)
E-MAIL: khetia@bankofbaroda.com

SCAN HERE For detailed terms & conditions.

परिशिष्ट - IV क [नियम 8 (6) का परन्तुक देखें]

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस [illegible]

ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम	अचल सम्पत्ति का संक्षिप्त विवरण	कुल बकाया	ई-नीलामी की दिनांक एवं समय	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	सांकेतिक/ भौतिक कब्जे की स्थिति	संपत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय
ऋणी-1. मैसर्स गोकुल जिनिंग फैक्ट्री [illegible] 2. श्री प्रवीण शाह पुत्र स्व. जीवनलाल शाह [illegible] 3. श्रीमती निरुपमा शाह पत्नि प्रवीण शाह [illegible] 4. श्रीमती शर्मिला शाह पत्नि हरीश शाह [illegible] 5. श्री अभिषेक शाह पुत्र चेतन शाह [illegible] जमानतदार: 1. श्रीमती [illegible] पत्नि स्व. जीवनलाल शाह [illegible] 2. श्री हरीश शाह पुत्र स्वर्गीय जीवनलाल शाह [illegible] 3. श्री चेतन शाह पुत्र स्वर्गीय जीवनलाल शाह [illegible] 4. श्रीमती [illegible] पत्नि सुरेश शाह [illegible]	(1) [illegible] 1.518 हेक्टेयर (15180 वर्ग मीटर) [illegible] खेतिया [illegible] मैसर्स गोकुल जिनिंग फैक्ट्री [illegible]	रु. 12,29,23,519.15/- [illegible] 01.06.2025 से [illegible]	ई-नीलामी की दिनांक 07/07/2026 ई-नीलामी का समय दोपहर 2.00 बजे से 6.00 बजे तक	₹ 5,26,80,000/- ₹ 52,68,000/- ₹ 50,000/-	भौतिक कब्जा	04/07/2026 दोपहर 12.00 बजे से 4.00 बजे तक
	(2) [illegible] नं. 39, नगर पालिका, वार्ड नं. 8, [illegible] खेतिया, [illegible] बड़वानी (म.प्र.) [illegible] 750 [illegible]			₹ 11,80,000/- ₹ 1,18,000/- ₹ 10,000/-	भौतिक कब्जा	

विक्रय की विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट लिंक https://www.bankofbaroda.in और ऑनलाइन नीलामी पोर्टल Baanknet.com देखें। इसके अलावा, संबंधित खेतिया प्राधिकृत अधिकारी से मोबाइल: 9752418705 पर संपर्क कर सकते हैं।

तारीख : 06.06.2026, स्थान: खेतिया — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय
विश्वविद्यालय भवन, आर.एन.टी. मार्ग, इन्दौर-452001
क्र. : भण्डार/Equipments/क्रय नि./2026/31 दिनांक : 05.06.2026

ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रण

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर द्वारा mptender के माध्यम से क्रमांक 01. line Printer क्रय हेतु निविदा क्रमांक 2026_DAVV_513403_1 क्रमांक 02. Interactive Display system, Tablet and Laptop क्रय हेतु निविदा क्रमांक 2026_DAVV_513113_1 हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

अतः निविदा का विस्तृत विवरण देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.dauniv.ac.in पर भी देखी जा सकती है।

संपर्क हेतु :- मो. 7987372790

म.प्र. माध्यम/126249/2026 — कुलसचिव

भारतीय रिज़र्व बैंक RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

मध्य प्रदेश राज्य सरकार की 7.86% मध्य प्रदेश एसजीएस 2042 और 7.90% मध्य प्रदेश एसजीएस 2056 प्रतिभूतियों को पुनःजारी करना

मध्य प्रदेश राज्य सरकार ने नीलामी के माध्यम से कुल ₹1,800 करोड़ (अंकित मूल्य) राशि की 7.86% मध्य प्रदेश एसजीएस 2042 और 7.90% मध्य प्रदेश एसजीएस 2056 प्रतिभूतियों को पुनःजारी करने का प्रस्ताव किया है।

एकाधिक मूल्य प्रारूप के अंतर्गत प्रतिफल आधारित नीलामी भारतीय रिज़र्व बैंक के कोर बैंकिंग सोल्यूशन (ई-कुबेर) पर 09 जून 2026 (मंगलवार) को आयोजित की जाएगी। व्यक्तिगत निवेशक भी रिटेल डायरेक्ट पोर्टल (https://rbiretaildirect.org.in) के माध्यम से गैर-प्रतिस्पर्धी योजना के अनुसार बोली लगा सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर 05 जून 2026 (शुक्रवार) की प्रेस प्रकाशनी देखें।

"पैसे का वादा करने वाले ई-मेल/एसएमएस/टेलीफोन द्वारा धोखा न खाएं"